RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

पल्ले कुछ ना पुलिस के, समझ गये हैं चोर।
लूट-स्नेचिंग-चोरियां, यह दिल मांगे मोर।
यह दिल मांगे मोर, रोक सकता ना कोई।
चादर लंबी तान, पुलिस थानों में सोई।
कह साहिल कविराय, हो रही बल्ले-बल्ले।
समझ गये हैं चोर, पुलिस के कुछ ना पल्ले।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 132 | FRIDAY DATE 04-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## दिल्ली सरकार ने मालवीय नगर हादसे के मृतकों के परिजन को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की



» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वाले के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर घायलों के चिकित्सा खर्चों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि सभी मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मृतकों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है।

### मालवीय नगर अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता, आर्थिक मदद की घोषणा



दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मैक्स अस्पताल पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और उनके बेहतर इलाज के निर्देश दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को 10 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख की सहायता राशि दी जाएगी। मृतकों के पार्थिव शरीरों को उनके पैतृक निवास तक पहुंचाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। दिल्ली सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं तथा इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। वहीं, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने भी मालवीय नगर अग्निकांड में घायल हुए लोगों (जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं).

## मोदी गुजरात, दादर-नगर हवेली, दमन-दीव में 21,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गुजरात और केंद्र शासित प्रदेश दादर और नगर हवेली तथा दमन-दीव का दौरा करेंगे और सड़कों, स्वास्थ्य सेवा, विमानन, औद्योगिक बुनियादी ढांचे, पर्यटन तथा समुद्री संपर्क से जुड़ी 21,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री की यात्रा सूरत से शुरू होगी, जहां वह हजीरा में चल रहे औद्योगिक कार्यों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह लगभग 18,800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन के लिए एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री मोदी इसके बाद दमन जाएंगे, जहां वह नमो हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, नमो अस्पताल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और लगभग 2,970 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण करेंगे। वह लक्षद्वीप में 885 करोड़ रुपये की बंदरगाह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार सूरत में परियोजनाओं का उद्देश्य सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं, बिजली के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास को मजबूत करना है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण आठ लेन वाले वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के पैकेज छह और सात को समर्पित करना होगा.

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े-खरगे



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। श्री खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है।

### पुणे आईटी कंपनी बंद, 700 से अधिक कर्मचारी प्रभावित

**पुणे, यूटर्न/ 04 जून ।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित हिंजेवाड़ी आईटी हब में एक निजी आईटी कंपनी के अचानक बंद होने से 700 से अधिक कर्मचारी और इंटर्न प्रभावित हुए हैं। कर्मचारियों की शिकायत के आधार पर कंपनी के सीईओ हर्षल ठाकरे को कथित धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें महीनों से वेतन और भत्ते नहीं मिले। कई लोगों ने बताया कि कंपनी ने लैपटॉप उपलब्ध कराने के नाम पर उनसे 15,000 रुपये जमा कराए। जनवरी के बाद से वेतन भुगतान रुक गया था और प्रबंधन बार-बार नई तारीखें देता रहा, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। आईटी कर्मचारियों के संगठन एफआईटीई ने भी मामले में हस्तक्षेप किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में कर्मचारियों की मदद की।

### आग से प्रभावित इलाके में गैरकानूनी तरीके से चल रहे होटल और रेस्टोरेंट, जांच तेज : कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।** दिल्ली के मालवीय नगर में एक बहुमंजिला बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड ब्रेकफास्ट) इमारत में लगी भीषण आग में 21 लोगों की मौत हो गई। इससे एक महीने पहले विवेक विहार में एक चार मंजिला आवासीय इमारत में इसी तरह की घटना में नौ लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने इस बात पर जोर दिया है कि इमारतों में अग्नि सुरक्षा नियमों की अनदेखी अक्सर संपत्ति मालिकों और अधिकारियों दोनों द्वारा की जाती है। उन्होंने इसका कारण जगह का अत्यधिक उपयोग बताया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, लगभग 8:30 बजे आग लगने की सूचना मिली। एक निवासी ने बताया, ह्लमेरे भाई ने फोन करके बताया कि होटल में आग लग गई है। मुझे लगा कि छोटी आग होगी, लेकिन यह बहुत भयानक थी ह्ल दूसरे निवासी ने खुलासा किया कि उन्हें पता था कि यहां बीएनबी नियमों का उल्लंघन हो रहा था।

## जनता के विश्वास को और मजबूत करने के लिए कार्य करें पदाधिकारी : नितिन नवीन

» **पटना, यूटर्न/ 04 जून ।**




भारतीय जनता पार्टी के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्ययोजना को गति देने तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाने को लेकर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

इस अवसर पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया तथा बिहार सह प्रभारी दीपक प्रकाश भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक संगठन है।

हयही कारण है कि पार्टी ने देशभर में जनता का व्यापक विश्वास अर्जित किया है और निरंतर नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा का अवसर है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का कार्य करें।

## शिक्षा क्षेत्र में पंजाब बना देश में नंबर वन : केजरीवाल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**




आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया।

श्री केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में कभी 27वें स्थान पर रहा पंजाब आज पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह सर्वे केंद्र सरकार के नीति आयोग का है, जिसके अनुसार, पंजाब ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है।

दिल्ली में शिक्षा क्रांति के बाद अब पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी ऐतिहासिक बदलाव हो रहा है। उन्होंने मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री भगवंत मान की बड़ी उपलब्धि है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया। आज पंजाब के शिक्षा व्यवस्था में जबरदस्त आत्मविश्वास आने की वजह से सरकारी स्कूलों के बच्चे नीट और जेईई पास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में नंबर वन स्थान पर आया है। यह हमारा सर्वे नहीं है, बल्कि केंद्र सरकार के नीति आयोग का एजुकेशन सर्वे है। वर्ष 2020 के सर्वे में पंजाब 27वें नंबर पर था लेकिन हमारी सरकार बनने के बाद महज चार साल में यह 27वें नंबर से पहले नंबर पर पहुंच गया है।

## सैन्य कमांडरों की वित्तीय शक्तियों में वृद्धि, रक्षा खरीद व आत्मनिर्भरता को मजबूती

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**



देश की रक्षा सेवाओं के लिए संशोधित वित्तीय शक्तियों को मंजूरी दे दी है। देश की रक्षा तैयारियों व सैन्य आवश्यकताओं को तीव्रता से पूरा करने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यह मंजूरी प्रदान की है। इससे 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की रक्षा खरीद को नई गति मिलेगी। यह नई व्यवस्था के सेना, नौसेना और वायुसेना के फील्ड कमांडरों को पहले की तुलना में कहीं अधिक वित्तीय अधिकार देती है। इस व्यवस्था से रक्षा खरीद, परियोजनाओं के क्रियान्वयन और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक नई वित्तीय शक्तियों में कई मामलों में 100 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। वहीं कुछ श्रेणियों में यह वृद्धि दोगुने से भी अधिक है। इसका सीधा लाभ जमीनी स्तर पर तैनात सैन्य कमांडरों को मिलेगा। सैन्य कमांडर्स अब आवश्यक उपकरणों और सेवाओं की खरीद के लिए पहले से अधिक स्वायत्तता के साथ निर्णय ले सकेंगे। संशोधित वित्तीय शक्तियों के लागू होने का फायदा चालू वित्तीय वर्ष में भी मिलेगा। बजटीय प्रावधानों के अनुरूप राजस्व मद के माध्यम से 1.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की रक्षा खरीद को गति मिलने का अनुमान है। इससे रक्षा बलों की आवश्यकताओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकेगा। वहीं, खरीद प्रक्रियाओं में लगने वाला समय भी कम होगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए स्वदेशीकरण और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित वित्तीय शक्तियों को दोगुना कर दिया गया है। सरकार का उद्देश्य विदेशी रक्षा कंपनियों और मूल उपकरण निमार्ताओं पर निर्भरता कम करना तथा देश में ही आधुनिक रक्षा तकनीकों और प्रणालियों के विकास को प्रोत्साहन देना है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# इग्नू में दाखिले के लिए डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य : डॉ. धर्मपाल



**प्रतियोगी परीक्षाओं की तयारी के साथ साथ कर सकते है इग्नू से पढ़ाई : डॉ. धमपाल**

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, 4 जून। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू) में जुलाई 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी कारण से रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसानी से इग्नू के माध्यम से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। जॉब करने वाले कैंडिडेट भी आसनी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है ऐसे इच्छुक विद्यार्थी जिनको प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी उनके लिए इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक उपयुक्त प्लेटफार्म है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार, ओडीएल / ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य है।

यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षार्थियों को छोड़कर) के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है।

विद्यार्थी यूजीसी-डीईबी वेब पोर्टल https://deb.ugc.ac.in/StudentDEBId पर जाएं और अपने अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी का उपयोग करके डीईबी-आईडी जनरेट करें। यदि आपके पास एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी नहीं है, तो आप डिजीलॉकर https://www.digilocker.gov.in के माध्यम से बना सकते हैं या www.abc.gov.in पर जाकर अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड या अपार आईडी से अपनी एबीसी आईडी बना सकते है डीईबी आईडी एक बार जनरेट होने के बाद फिर शिक्षार्थी के जीवन काल के लिए वैध रहेगी।

# उपायुक्त ने राजस्व विभाग के कानूनगो को सस्पेंड करने के दिए निर्देश

- समाधान शिविर में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष का उपस्थित रहना जरूरी : विश्राम कुमार मीणा
- शिकायतें तय समय सीमा के अंदर हो पोर्टल पर अपलोड, अधिकारी पोर्टल को चेक करके तय समय सीमा में करें समाधान

» परमिंदर सिंह




यूटर्न कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 04 जून । उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर के दौरान काम में लापरवाही बरतने पर राजस्व विभाग के कानूनगो को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानूनगो की समाधान शिविर में काफी शिकायतें आ रही थी, इसलिए उन्हें तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में अब तक करीब 7000 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि सोमवार और वीरवार को जिला स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष जरूर उपस्थित हूं, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके साथ-साथ जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे, उन्होंने मौके पर अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर संबंधित शिकायतों का निपटारा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डालें।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में करें सुनिश्चित : अमन कुमार

- एसडीएम थानेसर ने पत्रकार वार्ता में एसआईआर बारे दी विस्तृत जानकारी
- 223905 मतदाताओं में से 114000 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य हुआ पूरा।

» प्रमोद कौशिक/संजीव कुमारी




थानेसर, यूटर्न/04 जून। थानेसर विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संचालित की जा रही है।

एसडीएम अमन कुमार वीरवार को उपमंडल कार्यालय थानेसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा क्षेत्र में यह विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन कर उसे शुद्ध किया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता और अधिक मजबूत हो।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता और सशक्त जनभागीदारी के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने, दोहरी प्रविष्टियों को समाप्त करने, स्थानांतरित मतदाताओं के रिकॉर्ड को सत्यापित करने तथा नए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडने.का कार्य किया जाएगा। इस पुनरीक्षण के लिए 1 जुलाई, 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है।

एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि 12 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

# नबी करीम में एलपीजी सिलेंडर में लगी आग, चार लोग झुलसे

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।



राजधानी दिल्ली के नबी करीम इलाके में स्थित घर में गुरुवार सुबह एलपीजी सिलेंडर में आग लग जाने से चार लोग झुलस गए। सभी घायलों को तुरंत राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9:29 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को अमरपुरी, नबी करीम स्थित हाउस नंबर ए-88 से सिलेंडर में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घटना एक छोटे से 46 फीट के कमरे में हुई, जहां सरिता चाय, दाल-चावल और साधारण भोजन बनाकर बेचने का काम करती थीं।

पुलिस जांच में पता चला कि सरिता के कहने पर कृष्णा नामक व्यक्ति पुराना एलपीजी सिलेंडर बदल रहा था। रेगुलेटर खोलते समय अचानक गैस लीक हो गई और उसमें आग लग गई। इस दौरान आग तेजी से फैल गई।

इस घटना में कुल चार लोग घायल हुए। इनमें सरिता (35), कृष्णा (37) और चाय पीने के लिए वहां मौजूद अजय (19) और जाफिर (35) नामक राहगीर शामिल हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने उन्हें वहां से निकाला और आरएमएल अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना एलपीजी सिलेंडर बदलते समय सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हो सकती है। रेगुलेटर खोलने से पहले मुख्य वाल्व बंद न करने या गैस लीक होने पर तुरंत सावधानी न बरतने से यह हादसा हुआ। नबी करीम इलाका घनी आबादी वाला है और यहां छोटे-छोटे खाने-पीने के ठेले और ढाबे आम हैं। ऐसे में एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल काफी होता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन सुरक्षा को लेकर अभी भी लापरवाही बरती जा रही है।

नबी करीम पुलिस स्टेशन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सिलेंडर बदलते समय हमेशा सुरक्षा मानकों का पालन करें।

# 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत हरियाणा भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे: डॉ सतपाल सिंह

» निर्मल सिंह विर्क




पानीपत, यु-टर्न 4 जून। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित उपयोग में मृदा क्षरण, मृदा कार्बन मे कमी, पोशक तत्वों के असंतुलन तथा जल प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न हुई हैं। इस पृष्ठभूमि में भारत सरकार के माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ किए गए 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत हरियाणा राज्य के सभी कृषि विज्ञान केंद्र 1 जून से 30 जून 2026 तक किसानों के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। अभियान का उद्देश्य कृषि भूमि की उर्वरता को बनाए रखना, उत्पादन लागत को कम करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कांबोज ने बताया कि इस अभियान के दौरान हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अंतर्गत सभी कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा गांव स्तरीय बैठक, किसान गोष्ठि, प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेत दिवस, प्रदर्शन, रैली, जागरूकता शिविर तथा प्रक्षेत्र प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक प्रबंधन एवं उनके महत्व पर किसानों के साथ चर्चा की जाएगी। वैकल्पिक खादों जैसे- हरी खाद, कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरकों के उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान के तहत किसानों को असली एवं नकली कीटनाशकों की पहचान के बारे में जागरूक किया जाएगा। खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत कमी लाने हेतु जीवन शैली एवं खान-पान संबंधित व्यवहार को प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार प्राकृतिक खेती मिशन का क्रियान्वयन कर रही है। इसके तहत सभी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक आगामी महीनों में अपने जिले के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगें। प्राकृतिक खेतों को अपना कर किसान बाहरी आदानों पर निर्भरता कम कर सकते हैं। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति लचीलापन बढ़ाने तथा किसानों की उत्पादन लागत घटाने वाला एक टिकाउ एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प प्रदान करती है। इसी के तहत प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज ने बताया कि खरीफ फसलों में संतुलित एंव विवेकपूर्ण खादों के प्रयोग तथा रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने के लिए किसानों को हरी खाद, जैविक खाद आदि के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान की शुरूआत अप्रैल माह में हुई व 31 मई को इसका समापन हुआ। इसके प्रथम चरण में 'संतुलित उर्वरक प्रयोग अभियान' के तहत चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सभी कृषि विज्ञान केन्द्र हरियाणा भर के सभी जिलों में विभिन्न जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण, खेत प्रदर्शन एवं संगोष्ठियों को आयोजित कर चुके हैं।

# फ्लैट के एसी में लगी आग, फायर सर्विस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।

गाजियाबाद के सूर्य नगर स्थित एक आवासीय फ्लैट में गुरुवार सुबह एयर कंडीशनर (एसी) में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग देखते ही देखते कमरे के अंदर तक फैल गई, लेकिन समय रहते पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि कमरे में रखा घरेलू सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार 4 जून को सुबह करीब 10:23 बजे फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि सूर्य नगर स्थित फ्लैट संख्या सी-209, द्वितीय तल पर आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गई। अग्निशमन कर्मियों के मौके पर पहुंचने पर पता चला कि आग एयर कंडीशनर से शुरू हुई थी और धीरे-धीरे कमरे के अंदर फैल चुकी थी। आग की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस की टीम ने बिना समय गंवाए मोर्चा संभाला और मोटर फायर इंजन (एमएफई) के माध्यम से पानी की पंपिंग कर आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पंजाबी समुदाय को 'पाकिस्तानी' और 'रिफ्यूजी' कहकर अपमानित करना अस्वीकार्य : प्रिया असीजा

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 04 जून। पंजाबी समुदाय के लोगों के लिए अपमानजनक रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले शब्द 'पाकिस्तानी' और 'रिफ्यूजी (शरणार्थी)' को भेदभावपूर्ण एवं मानव गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली अभिव्यक्तियों के रूप में चिन्हित करने की मांग करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता प्रिया असीजा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को एक शिकायत भेजी।



प्रिया असीजा ने अपनी शिकायत में हाल ही में हिसार में सामने आए उस मामले का उल्लेख किया है, जिसमें एक पत्रकार को कथित रूप से फोन पर धमकी देते हुए 'पाकिस्तानी' और 'रिफ्यूजी' जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक सोच को दर्शाती है, जिसमें पंजाबी समुदाय के लोगों को उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि और विभाजन के इतिहास के आधार पर अपमानित किया जाता है।

प्रिया असीजा ने कहा कि वर्ष 1947 के विभाजन के दौरान लाखों पंजाबी परिवारों ने अपना सब कुछ खोकर भारत को चुना, देश के पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया और राष्ट्र की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाई। ऐसे समुदाय के लोगों को आज भी 'रिफ्यूजी' या 'पाकिस्तानी' कहकर नीचा दिखाने का प्रयास न केवल उनके पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान का अपमान है, बल्कि यह भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त समानता और गरिमा के अधिकार के भी विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भारतीय नागरिक की देशभक्ति, पहचान और सम्मान पर प्रश्नचिह्न लगाने वाले ऐसे शब्द सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय एकता की भावना को कमजोर करते हैं।

# खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 07 जून को हांसी में

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 जून।




भारत सरकार, साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के सहयोग से अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 07-06-2026 को हांसी में होगा। यह जानकारी जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव अक्षित वर्मा ने दी। इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला खिलाड़ी ही भाग ले सकती हैं। सिटी लीग मे महिला वर्ग में 19 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाएं भाग ले सकती हैं। जूनियर वर्ग में 17 से 18 आयु की बालिकाएं, सब जूनियर व यूथ वर्ग में अंडर 13 से 16 वर्ष की बालिकाएं भाग ले सकती हैं। सभी आयु वर्ग में व्यक्तिगत व सामूहिक प्रतियोगिता करवाई जाएगी। विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा इस प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना साइकिलिंग खेल का ग्रामीण और शहरी स्तर पर बढावा देना है। इस प्रतियोगिता में जिले की लगभग 100 महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। जिसका Registration ऑनलाइन माध्यम से होगा। हांसी जिले में यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही हैं। खिलाड़ियों से अनुरोध है कि वो इस प्रतियोगिता में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग ले। व प्रतियोगिता के साथ वर्ल्ड बाइक साइकिलिंग डे भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें हर वर्ग के पुरुष, महिला व बच्चे भाग लेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को साइकिलिंग के प्रति जागरूक करना और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करना है।

# ऑडिट और ना ही बाय-लॉज में संशोधन तो फिर वैध कैसे भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण का चुनाव !

» सुनील बाजपेई

**कानपुर, यूटर्न/ 04 जून।** बहु-राज्यीय सहकारी संस्था 'भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड' में तथा कथित करोड़ों का घोटाला चर्चा का विषय बना हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर कथित अवैध रूप से चुनाव कराने का भी आरोप लगाते हुए लगभग 70 करोड़ का बताया जाने वाला यह घोटाला उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भी किए जाने के खिलाफ मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी सरकार से की गई है। इस संस्था के खिलाफ पूर्व में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होने की बात कही गई है। शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में दिए गये प्रार्थना पत्र के मुताबिक लालबाग, लखनऊ में पंजीकृत कार्यालय वाली इस संस्था के पूर्व प्रबंध निदेशक वी. कुमार (विजय कुमार) और स्वयं को सरकारी महाप्रबंधक बताने वाले बेलसर गोंडा के पवन कुमार पांडे पर अपने पदों का दुरुपयोग करने, कूटरचित फर्जी दस्तावेज बनाने और जाली शासनादेश तैयार कर शासकीय धन का गबन करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

करोड़ों के घोटाले के साथ ही संस्था का चुनाव भी अवैध रूप से जबरन और मनमाने तरीके से कराने का भी आरोप लगाते हुए भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड, लखनऊ के पूर्व सदस्य चौक निवासी प्रदीप कुमार गोयल द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक अपने को महाप्रबंधक बताने वाले पवन कुमार पांडे ने नियोजन विभाग के कुछ अधीनस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से इस मल्टी-स्टेट कॉपरेटिव संस्था को उत्तराखंड में 'निगम' के रूप में फर्जी तरीके से सूचीबद्ध करा लिया, जानकार सूत्रों के साथ ही शिकायत कर्ताओं का भी दावा है कि इसके बाद ही इस संस्था ने उत्तराखंड में लगभग 70 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला किया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से की गई शिकायत के अनुसार संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जनपद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार एवं पूर्व सांसद रमेश दुबे की सांसद निधि से 2 करोड़ रुपये का गबन किया गया।

इसके अलावा बख्शी का तालाब, लखनऊ स्थित महानिदेशक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में लगभग 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड सरकार में अन्य मदों के 40 करोड़ रुपये के शासकीय धन का गबन किया जा चुका है।

**इस संस्था के खिलाफ पूर्व में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होने की बात कही गई है।**

# जाब फेयर मेले में 18 बेरोजगार हुए चयनित

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 04 जून। सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. निकिता यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल रोजगार कार्यालय, समालखा द्वारा वीरवार को जॉब फेयर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जॉब फेयर से युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं, बल्कि उन्हें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच भी मिलता है। चयनित 18 उम्मीदवारों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उपमंडल रोजगार कार्यालय, समालखा और आईसीआईसीआई बैंक, पुखराज हैल्थ केयर प्राईवेट लिमिटेड पानीपत, एलआईसी इंडिया, पानीपत सहित सभी नियोक्ताओ का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मोहित, सूर्यपर्ण, अमित मालिक, परवीन कुमार व कपिल सहायक आदि मौजूद रहे।

# अंडर-20 जूनियर एशियन चैंपियनशिप गेम्स : महिला वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीतने पर नन्हेडा में खुशी का माहौल

**नन्हेड़ा पहुंचने पर ग्रामीणों ने निपम चौहान को किया, सम्मानित**



**पानीपत, यूटर्न/ 04 जून।** हांगकांग में आयोजित अंडर-20 जूनियर एशियन गेम्स चैंपियनशिप में महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने पर पानीपत के नन्हेड़ा गांव मे पहुंचने पर पावटी कलां की निपम चौहान का जोरदार स्वागत किया। निपम चौहान ने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए इतिहास रचा। उनकी जीत के बाद उनके मामा के गांव नन्हेड़ा में निपम चौहान का ग्रामीणों ने सम्मान किया गया। इस अवसर पर यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट रत्न सिंह रावल एडवोकेट ने उनका जोरदार स्वागत किया और ढोल बाजो के साथ यमुना बार्डर से गांव नन्हेड़ा तक लेकर पहुंचे। यहां स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह रावल ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हमारे गांव की भांजी ने पूरी दुनिया में अपने गांव और ननिहाल का नाम रोशन किया है हमें अपनी बेटी पर गर्व है। इस अवसर पर युवाओं से भी आह्वान किया कि वह भी खेलों के माध्यम से आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। यूपी शामली एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि हांगकांग में 28 से 29 मई तक आयोजित जूनियर एशियन गेम्स चैंपियनशिप में निपम ने महज 11.62 सेकंड में दौड़ पूरी कर यह सफलता हासिल की है।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी में 'हैप्पी क्लासरूम' कार्यशाला का आयोजन

» हरियाणा, यूटर्न/ 04 जून।



ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, उकलाना मंडी में 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध ट्रेनर शालू कटारिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान शालू कटारिया ने शिक्षकों को सकारात्मक एवं तनावमुक्त कक्षा वातावरण बनाने के प्रभावी तरीके बताए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव, प्रेरणा, अनुशासन और खुशहाल वातावरण भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण, प्रभावी संवाद तथा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विभिन्न रोचक गतिविधियों एवं चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यशाला के दौरान शालू कटारिया ने शिक्षकों को सकारात्मक एवं प्रसन्नचित कक्षा वातावरण बनाने के प्रभावी तरीके बताए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव, प्रेरणा, अनुशासन और खुशहाल वातावरण भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण, प्रभावी संवाद तथा विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विभिन्न रोचक गतिविधियों एवं चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताया।

# दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद अवैध होटलों पर कसा शिकंजा

## कई ने खुद ही ताले जड़े और उतारे साइन बोर्ड

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश स्टे होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद राजधानी में अवैध होटलों और गेस्ट हाउसों के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। हादसे में 21 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। इसके बाद दिल्ली सरकार ने उच्च स्तरीय संयुक्त जांच समिति गठित की है। इसे देखते हुए अनेक होटलों से साइन बोर्ड खुद ही हटा लिए गए, जबकि कई होटलों पर तो ताले जड़ दिए गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एमसीडी और अन्य एजेंसियों की संभावित कार्रवाई के डर से इलाके का माहौल तेजी से बदल गया है। कई होटल संचालकों ने अपने बोर्ड हटा दिए हैं, शटर गिरा दिए हैं और कुछ प्रतिष्ठानों पर ताले भी लगा दिए गए हैं। क्षेत्र में होटल तलाशते विदेशी पर्यटक भी देखे गए। प्रशासन ने मालवीय नगर की 18 संदिग्ध संपत्तियों को प्राथमिक जांच सूची में रखा है। अधिकारियों का ध्यान उन भवनों पर है जहां निर्धारित क्षमता से अधिक कमरे संचालित किए जा रहे हैं या अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। जांच केवल मालवीय नगर तक सीमित नहीं रहेगी; दिल्ली भर में बी एंड बी लाइसेंस के तहत चल रही सैकड़ों संपत्तियों की भी जांच होगी। पुलिस और दमकल विभाग के अनुसार, आग लगने की सूचना बुधवार सुबह मिली थी और संयुक्त बचाव अभियान में 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे ने राजधानी में होटल सुरक्षा मानकों और लाइसेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैवल एजेंसी संचालक से कार्यालय में घुसकर मारपीट

**कौशांबी, यूटर्न/ 04 जून ।** दिल्ली के गाजीपुर निवासी ट्रैवल एजेंसी संचालक संदीप मिश्र के कौशांबी कार्यालय में घुसकर दो युवकों ने मारपीट कर दी। मामला 31 मई की शाम का है और पुलिस ने मंगलवार रात उत्कर्ष और समीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में संदीप मिश्र ने बताया कि वह रविवार शाम करीब 5:30 बजे कार्यालय पर थे और उसी दौरान दो युवकों ने आकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की और कार्यालय बंद कराने की धमकी देकर भाग गए। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों को तलाश किया जा रहा है। जल्द गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भारी पुलिस के साथ राशिद अली गेट से अतिक्रमण हटाया

**लोनी, यूटर्न/ 04 जून ।** राशिद अली गेट के अंदर अतिक्रमण की शिकायत के बाद बुधवार को अधिकारियों ने अभियान के तहत बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। हालांकि इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम लोनी दीपक कुमार ने बताया कि लंबे समय से राशिद अली गेट के अंदर अतिक्रमण की शिकायत मिल रही थी। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने वीडियो डालकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम चारों थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान बिजली निगम, लोनी नगर पालिका और तहसील की टीम भी मौजूद रही। टीम ने अतिक्रमण के दौरान अवैध रूप से रखे गए सामान को भी जब्त किया गया। अतिक्रमण टीम देखकर दुकानदारों के हाथ पांव फूल गए। बुल्डोजर को देख दुकानदारों ने आनन-फानन अतिक्रमण वाली जगह में से अपना सामान हटाया। हालांकि कुछ लोगों के सामान को बुलडोजर से गिरा दिया गया।

### मिलावट के शक में चाय व डेयरी उत्पाद जब्त किए

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने साहिबाबाद साइट चार औद्योगिक क्षेत्र में चाय व डेयरी उत्पाद तैयार करने वाली कंपनी पर छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य-2 सुरेश मिश्र ने बताया कि सूचना के बाद टीम ने मैसर्स अमर टी प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां से इलायची चाय समेत 2218 किलोग्राम चाय जब्त की गई। इसकी कीमत करीब छह लाख रुपये है। इसके अलावा करीब 408 किलोग्राम डेयरी बेस्ड ड्रिंक मिक्स भी कब्जे में लिया गया।

## चोरी की कार से झपटमारी, शातिर गिरफ्तार

**» पूर्वी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**

मयूर विहार थाना पुलिस ने एक शातिर झपटमार को गिरफ्तार किया है। चोरी के वाहनों से यमुनापार में वारदात को अंजाम देता था। आरोपित की पहचान विवेक चौहान के रूप में हुई है।



पुलिस ने इसके पास से चोरी के तीन वाहन और झपटे गए 8 मोबाइल बरामद किए हैं। बदमाश पर पहले से चोरी व झपटमारी के 16 आपराधिक केस दर्ज हैं। कई केस में कोर्ट ने इसको भगौड़ा घोषित किया हुआ था।

जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 30 मई की दोपहर करीब 1:45 बजे मयूर विहार फेज-एक निवासी साक्षी श्रीराम मंदिर मेट्रो स्टेशन की ओर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश उनका आईफोन-14 छीनकर भागने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर गश्त कर रहे हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र ने तुरंत पीछा शुरू किया। हेड कॉन्स्टेबल विपिन गिरि और विचित्र की मदद से बदमाश को प्रेमचंद स्कूल के पास दबोच लिया गया। तलाशी में पीड़िता का आईफोन बरामद हो गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले अपनी पहचान विकास उर्फ संजय बताई, लेकिन सत्यापन में उसकी असली पहचान विवेक चौहान के रूप में हुई। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी के वाहन और झपटमारी के फोन बरामद किए।

## पाइपलाइन टूटी, दो दिन से पानी संकट

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।**



दिल्ली गेट स्थित फिरोजशाह कोटला किला के पीछे विक्रम नगर की सड़क पर पीने का पानी बह रहा है, लेकिन कॉलोनी में मंगलवार से पानी की आपूर्ति ठप है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां पर नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत खोदाई का कार्य हो रहा है, उसमें पूर्व से स्थित पानी की लाइन टूट गई है, जिसके चलते दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप है। वैसे, कर्मियों द्वारा उसे दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन सफलता नहीं मिली है।

### पार्षद ने जल्द पानी आपूर्ति के आश्वासन दिया

स्थानीय निवासी मुन्नी लाल के अनुसार, पार्षद भी आई थी, उन्होंने जल्द पानी आपूर्ति के आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दो दिन से पानी की आपूर्ति न होने में इस गर्मी में बुरा हाल है। उसमें भी टैंकर से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।

## विकसित भारत अभियान की सफलता में सांसद नवीन जिंदल का कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने पेश करेगा नजीर : डॉ.अर्चना गुप्ता



**» परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 04 जून । विदेश में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव आयोजित किया गया। नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत हुए इस महोत्सव में हजारों की संख्या में युवा वर्ग में उत्साह दिखाया।

इस अवसर पर भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल युवाओं को रोजगार देने के मामले में देश के सामने आ रही चुनौती को स्वीकार करते हुए इससे निपटने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र में किए जा रहे स्किल ट्रेनिंग में अन्य विकास कार्यों को लेकर कुरुक्षेत्र मॉडल पूरे देश के सामने एक नजीर पेश करेगा। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल की सोच है कि युवाओं के अंदर हुनर हो और वे स्किल में निपुण होने को प्राथमिकता दें ताकि रोजगार के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की बजाय खुद का सेटअप खड़ा किया जा सके। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के युवा बेहद खुशनसीब है कि उन्हें नवीन जिंदल जैसे साधन संपन्न और प्रोग्रेसिव सोच रखने वाले सांसद मिले।

- विदेश में केवल स्किल आधारित युवाओं की जरूरत, फाउंडेशन करेगी लक्ष्य प्राप्ति में मदद : सांसद नवीन जिंदल
- महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर और केआईएससी के बाद अब आरकेएसडी कैथल में जल्द शुरू होगा केआईएससी
- नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा नवीन अवसर कार्यक्रम के तहत आयोजित अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में पहुंचे 5000 से अधिक युवा, विभिन्न कंपनियों ने लिया साक्षात्कार

हिसार से विधायक एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि स्वर्गीय ओपी जिंदल जी ने कुरुक्षेत्र को हमेशा अपना परिवार माना है और यहां के लोगों की जिम्मेदारी अब सांसद नवीन जिंदल को मिली है। जिसे वह पूरी तरह से निभा रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अपने चुनावी घोषणा पत्र के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए उन्होंने 2 साल के अंदर कुरुक्षेत्र में आधुनिक स्किल सेंटर और बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले आईटीआई की स्थापना का कार्य पूरा किया। पिछले एक साल के दौरान स्किल सेंटर के जरिए 2500 युवाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया। 15 कॉलेज और शिक्षण संस्थानों में फाउंडेशन ने अपने प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हुए हैं ताकि वहां के युवाओं को भी प्रशिक्षित किया जा सके।

जल्द ही कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में भी कैथल इंटरनेशनल स्किल सेंटर शुरू होनेजा रहा है। सांसद ने कहा कि युवा विदेश जाने के लिए सही रास्ता चुने विदेश में तकनीक और टैलेंट की जरूरत है। जमीन बेचकर विदेश जाना समस्या का हल नहीं है, बल्कि स्किल आधारित ट्रेनिंग के जरिए किसी भी फील्ड में जाकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय रोजगार महोत्सव केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के अभियान को गति देने के लिए शुरू की गई निरंतर प्रक्रिया है।

### पत्नी के साथ रह रहे दोस्त की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**पूर्वी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।** न्यू उस्मानपुर इलाके में सोमवार रात को भगत सिंग कालोनी में पत्नी के दोस्त ललित की हत्या करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मोहित के रूप में हुई है। आरोपित से पूछताछ कर पुलिस चाकू बरामद करने की कोशिश कर रही है। पुलिस को पूछताछ में मोहित ने बताया कि उसका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा है। कड़कड़डूमा कोर्ट में तलाक का केस विचाराधीन है। पत्नी उससे अलग रह रही है। कुछ दिनों से उसकी पत्नी अपने दोस्त ललित के साथ उसके घर पर रह रही थी। इस बात से नाराज होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। ललित साप्ताहिक बाजारों में टेबल किराये पर देने का काम करता था।

### निवेश के नाम पर 66 लाख की ठगी

**पूर्वी दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने मल्टी लेवल मार्केटिंग और निवेश के नाम पर 66 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपित अंकुर ज्योति सैकिया को गिरफ्तार कर किया है। केस दर्ज होने के बाद से ही यह फरार चल रहा था। कोर्ट ने गत मार्च में इसे भगौड़ा घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि आरोपित ने राजमुद्रा फ्यूचर निधि लिमिटेड के नाम पर लोगों को निवेश के बदले हर महीने भारी मुनाफा देने और नए सदस्य जोड़ने पर आकर्षक कमीशन का लालच दिया था। इसी झांसे में आकर उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान समेत कई राज्यों के लोगों ने निवेश कर दिया। वह व्यक्तिगत संबंध बनाकर लोगों का विश्वास जीतता और फिर उन्हें व उनके रिश्तेदारों को निवेश के लिए प्रेरित करता था।

## तेज आंधी-तूफान और झमाझम बारिश से मौसम सुहावना, जलभराव और गिरे पेड़ों ने बढ़ाई परेशानी

**» नोएडा, यूटर्न/ 04 जून ।**

दिल्ली समेत नोएडा और आसपास के इलाकों में 4 जून को तेज आंधी-तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत दिलाई। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और काले बादलों के साथ तेज हवाएं चलने लगीं। इसके बाद शुरू हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि, इस बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल भी खोलकर रख दी। तेज आंधी के कारण शहर के कई इलाकों में पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। सड़क पर पेड़ गिरने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को काफी देर तक जाम का सामना करना पड़ा। वहीं, बरौला हनुमान मूर्ति रोड पर भी भारी जाम की स्थिति बन गई, जहां वाहन रेंगते हुए नजर आए। बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या भी देखने को मिली। सेक्टर-58 की मुख्य सड़क पर पानी भर जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। वहीं, सेक्टर-62 अंडरपास में भी जलभराव होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



कई दोपहिया वाहन पानी में फंस गए, जबकि चारपहिया वाहनों को भी सावधानीपूर्वक गुजरना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मानसून और बारिश से पहले नालों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही तेज बारिश में व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ जाती है।

कई स्थानों पर नालियां चोक होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया और उसकी निकासी नहीं हो सकी।

इससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश ने जहां एक ओर मौसम को खुशनुमा बना दिया और गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर नोएडा अथॉरिटी की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए।

## दूध कारोबारी को गोली मारकर अपहरण के आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

**लोनी, यूटर्न/ 04 जून ।** गनौली गांव निवासी ओंकार उर्फ ओमन को गोली मारकर कार से अपहरण करके ले जाने वाले पांच आरोपियों पर पुलिस ने 50-50 हजार का इनाम घोषित किया है। वहीं, आरोपियों को छिपने के लिए सह देने वाले सात रिश्तेदारों को भी गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी पांच दिन से क्राइम ब्रांच समेत जिले की 10 टीमों को चकमा दे रहे हैं। पुलिस ने जल्द मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि ओमन को गोली मारने के आरोपी गौरव नागर, गोपाल, सौरभ उर्फ भोला, गौरव पुत्र विजेंद्र और मोहित पर 25-25 हजार का इनाम था और अब उसे बढ़ाकर 50-50 हजार कर दिया है। आरोपियों की जानकारी देने वालों को यह इनाम दिया जाएगा। डीसीपी ने बताया कि आरोपी लगातार अपना स्थान बदल रहे हैं। फोन बंद है इस लिए उनकी लॉकेशन ट्रैक नहीं हो पा रही है। आरोपियों को सह देने वाले सात रिश्तेदारों और करीबियों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें गनौली निवासी किरन, गनौली के दीपांशु व प्रीत, बागपत के डगरपुर निवासी शेखर, बागपत के बुढ़ेड़ा निवासी कोमल, मुरादनगर स्थित धींग गांव के मोहित और बुढ़ेड़ा निवासी विक्रांत शामिल हैं।

**परिजनों ने दिया पुलिस को कुछ घंटों का समय:** दूध कारोबारी ओमन की बरामदगी न होने से नाराज परिजनों ने मंगलवार को चिरौड़ी गांव के मार्ग पर जाम लगा दिया था। परिजन करीब सात घंटों तक सड़क पर बैठे रहे। परिजनों ने पुलिस को कुछ घंटों की मोहलत दी थी। अब वह पूरी हो चुकी है।

# सरकार 2027 तक 5,000 ई85 फ्यूल स्टेशन शुरू करेगी : हरदीप पुरी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।

केंद्र सरकार देश में फ्लेक्स-फ्यूल को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध तरीके से ई85 ईंधन स्टेशन शुरू करने जा रही है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, पुणे और नागपुर जैसे प्रमुख शहरी क्षेत्रों में सबसे पहले लगभग 100 ई85 फ्यूल डिस्पेंसिंग स्टेशन यानी ईंधन वितरण स्टेशन शुरू किए जाएंगे। राष्ट्रीय राजधानी में मारुति सुजुकी वैगनआर फ्लेक्स फ्यूल मॉडल के लॉन्च कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई85 एक ऐसा ईंधन मिश्रण है जिसमें 85 प्रतिशत तक एथेनॉल होता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के मानकों के तहत इसे फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए, मानक ईंधन के रूप में निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि ई85 को देश के सबसे स्वच्छ ईंधन विकल्पों में से एक माना जा रहा है, और कई मामलों में



यह इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में भी अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प साबित हो सकता है। यह भारत के वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ते कदम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पुरी ने आगे बताया कि फ्लेक्स-फ्यूल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। दिसंबर 2026 तक ई85 ईंधन उपलब्ध कराने वाले स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर 500 की जाएगी, जबकि 2027 के अंत तक देश के प्रमुख शहरों में ऐसे 5,000 स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मंत्री ने कहा कि भारत में मोबिलिटी सेक्टर तेजी से बदल रहा है। फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक अब केवल दोपहिया वाहनों तक सीमित नहीं रही, बल्कि चारपहिया वाहनों में भी इसका इस्तेमाल शुरू हो चुका है। इससे पूरे फ्लेक्स-फ्यूल इकोसिस्टम का तेजी से विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि यदि देश में बिकने वाले नए दोपहिया और चारपहिया वाहनों में से 50 प्रतिशत फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक अपनाते हैं, तो इससे 311.8 करोड़ लीटर अतिरिक्त एथेनॉल की मांग पैदा होगी। इसके साथ ही किसानों की आय में लगभग 12,403 करोड़ रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है और करीब 66.4 लाख मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन कम किया जा सकता है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह पहल न केवल भारत के ऊर्जा आयात बिल को कम करने में मदद करेगी, बल्कि किसानों को आय का एक नया और स्थायी स्रोत भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा, 'इससे हमारे किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जादाता भी बनेंगे।' कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले समय में और अधिक वाहन निर्माता कंपनियां फ्लेक्स-फ्यूल सेगमेंट में प्रवेश करेंगी, क्योंकि भारत तेजी से स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है।

## युद्धविराम की उम्मीद से कच्चे तेल की कीमतों में 1 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट

### पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं घटीं

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।

इजरायल और लेबनान के बीच युद्धविराम लागू करने पर सहमति बनने के बाद गुरुवार को वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इससे यह उम्मीद बढ़ी है कि व्यापक कूटनीतिक समाधान निकल सकता है, जिससे ईरान से जुड़े मौजूदा संघर्ष को लेकर तनाव कम हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.33 प्रतिशत गिरकर 96.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। इसी तरह, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल भी 1 प्रतिशत से अधिक गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

तेल की कीमतों में यह गिरावट ऐसे समय आई है जब पिछले कारोबारी सत्र में दोनों प्रमुख बेंचमार्क लगभग 2 प्रतिशत चढ़ गए थे। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, जिसमें कुवैत पर ईरान के हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य के



पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई शामिल थी, ने उस समय कीमतों को बढ़ावा दिया था।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले प्रतिनिधि सभा ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों को जारी रखने के अधिकार को सीमित करना है।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति इस सप्ताहांत तक सामने आ सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि वॉशिंगटन के साथ संपर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अब तक बातचीत से कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है और दोनों पक्ष एक-दूसरे के प्रस्तावों की समीक्षा कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉलर के मुकाबले रुपए में मामूली बढ़त, 95.70 पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 04 जून ।** भारतीय रुपये ने गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले थोड़ी राहत की सांस ली। शुरुआती कारोबार में रुपया 1 पैसे की मामूली मजबूती के साथ 95.70 प्रति डॉलर पर खुला। पिछले सत्र में 95.71 पर बंद होने के बाद रुपये ने दिन की शुरूआत 95.70 के स्तर पर की, जिससे डॉलर के मुकाबले इसकी स्थिति में थोड़ा सुधार आया। यह सुधार बाजार में हल्की सकारात्मकता का संकेत देता है। हालांकि, शुरूआती कारोबार के दौरान रुपया थोड़ा कमजोर होकर फिर से 95.71 पर कारोबार करता देखा गया, जो बाजार की अस्थिरता को दर्शाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की स्थिति और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव रुपये के प्रदर्शन को प्रभावित करते रहेंगे।

### विदेशी निवेश बढ़ाने टैक्स खत्म कर सकती है सरकार

**कैबिनेट ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, अध्यादेश से लागू हो सकता है फैसला**

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।** सरकार देश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने और रुपये पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए एक बड़ा फैसला लेने की तैयारी में है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकारी बॉन्ड में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को अब पूंजीगत लाभ कर (कैपिटल गेन टैक्स) से छूट मिल सकती है। यह प्रस्ताव केंद्रीय कैबिनेट द्वारा मंजूर कर लिया गया है, जिसे आयकर नियमों में बदलाव कर अध्यादेश के माध्यम से लागू किया जा सकता है। फिलहाल विदेशी निवेशकों को 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सरकारी बॉन्ड पर होने वाले मुनाफे पर 12.5 फीसदी का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना होता है। सूत्रों के अनुसार सरकार अब इस टैक्स के साथ-साथ बॉन्ड से मिलने वाले ब्याज पर लगने वाले 20 फीसदी विदहोल्डिंग टैक्स को भी खत्म करने पर विचार कर रही है। यह कदम भारतीय सरकारी बॉन्ड को वैश्विक निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बना देगा। हाल के महीनों में रुपये पर दबाव बढ़ा है और शेयर बाजार से विदेशी निवेशक करीब 28 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। हालांकि, सरकारी कर्ज बाजार में इस साल अब तक लगभग 1.4 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश हुआ है। सरकार का मानना है कि इस टैक्स राहत से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, पूंजी प्रवाह में वृद्धि होगी और रुपये को मजबूती मिलेगी। हालांकि, वित्त मंत्रालय ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## सेबी की कार्रवाई के बाद राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट, लगा लोअर सर्किट



» मुंबई, यूटर्न/ 04 जून ।

सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) द्वारा कंपनी और उसके प्रमोटर राजेश मेहता के खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किए जाने के बाद गुरुवार को राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और शेयर लोअर सर्किट पर पहुंच गया। सेबी ने कंपनी पर व्यापक वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और राजस्व को बढ़ाकर दिखाने के आरोप लगाए हैं।

कारोबारी सत्र में कंपनी के शेयर बीएसई पर अपने पिछले बंद 110.15 रुपए की तुलना में गुरुवार को 4.99 प्रतिशत गिरकर 104.65 रुपए पर खुला, और शेयरों में लोवर सर्किट लग गया। शेयरों का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 239 रुपए और न्यूनतम स्तर 80.11 रुपए है।

सेबी ने 3 जून को जारी अंतरिम आदेश में प्रारंभिक तौर पर ऐसे साक्ष्य मिलने की बात कही है, जिनसे संकेत मिलता है कि कंपनी द्वारा दिखाए गए लगभग 97 से 99 प्रतिशत राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया हो सकता है। आदेश में कहा गया है, 'मामले में पहली नजर में जो असामान्यताएं सामने आई हैं, जिनमें कंपनी के लगभग 97 प्रतिशत से 99 प्रतिशत राजस्व को बढ़ाकर दिखाया गया है, वे बेहद गंभीर और अभूतपूर्व हैं।' प्रारंभिक निष्कर्षों को बेहद गंभीर और अभूतपूर्व बताते हुए सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने कहा कि निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए तत्काल नियामकीय हस्तक्षेप आवश्यक था। इसके अलावा, बाजार नियामक ने प्रमोटर राजेश मेहता को राजेश एक्सपोर्ट्स के शेयरों की खरीद, बिक्री या किसी भी प्रकार के लेन-देन से रोक दिया है।

## टाटा मोटर्स जल्द ही 4 नई धांसू इलेक्ट्रिक गाड़ियां करेगी लांच




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।

भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कार निर्माता टाटा मोटर्स जल्द ही चार नई धांसू इलेक्ट्रिक गाड़ियां उतारने वाली है। टाटा अपनी इलेक्ट्रिक सेडान टिगोर ईवी को नए फेसलिफ्ट अवतार में पेश करेगी। ये मॉडल ग्राहकों को 500 किलोमीटर से भी अधिक की रेंज देंगे, जिससे कंपनी ईवी सेगमेंट में अपनी नंबर-1 की पोजीशन को मजबूत करेगी। इन मॉडलों में बिल्कुल नए हेडलैंप्स, नया बंपर और बंद ग्रिल देखने को मिलेगी। पीछे की तरफ रिफ्लेक्टर बार से जुड़ी हुई नए डिजाइन की एलईडी टेल लाइट्स दी जा सकती हैं, और इसमें टियागो ईवी वाले ही बैटरी-पैक विकल्प मिलने की उम्मीद है। वहीं, टाटा की आइकॉनिक सिएरा भी इलेक्ट्रिक अवतार में वापसी कर रही है। टेस्टिंग के दौरान देखी गई यह कार पेट्रोल/डीजल वर्जन जैसी दिखेगी, लेकिन इसमें एयरोडायनामिक अलॉय व्हील्स और ईवी-स्पेसिफिक कलर थीम होंगे। सिएरा ईवी में ट्रिपल-स्क्रीन सेटअप, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स और लेवल 2 एडीएएस जैसी उन्नत तकनीकें मिलेंगी। बड़ी फैमिली के लिए, टाटा मोटर्स इस साल फेस्टिव सीजन के आसपास अपनी मशहूर सफारी का इलेक्ट्रिक वर्जन सफारी ईवी लॉन्च करेगी।

यह टाटा की पहली 3-रो (7-सीटर) इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी और ब्रांड की सबसे महंगी फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक कार भी बनेगी। इसमें 65 केडब्ल्यूएच और 75 केडब्ल्यूएच के दो बड़े बैटरी पैक्स मिलेंगे, जिससे बड़े बैटरी पैक के साथ करीब 622 से 627 किलोमीटर तक की शानदार रेंज मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, टाटा मोटर्स अविन्या सीरीज के तहत बेहद प्रीमियम इलेक्ट्रिक गाड़ियों के सेगमेंट में एंट्री कर रही है। इस सीरीज की टाटा अविन्या एक्स एक आलीशान क्रॉसओवर एसयूवी होगी, जो 5, 6 और 7-सीटर कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध होगी।

## थिंकटेक इंडिया के सीईओ की गिरफ्तारी के बाद 700 से अधिक कर्मचारी बेरोजगार, वेतन और जमा राशि फंसी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 04 जून ।

पुणे स्थित आईटी कंपनी थिंकटेक इंडिया के 700 से अधिक कर्मचारी कथित तौर पर कंपनी के अचानक संचालन बंद कर देने के बाद बेरोजगार हो गए हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों को कार्यालयों से बाहर कर दिया गया और वे अब अपने बकाया वेतन तथा जमा की गई राशि वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, पुणे के हिंजेवाड़ी आईटी हब में स्थित थिंकटेक इंडिया के अचानक बंद होने से जुड़े कथित वित्तीय घोटाले और धोखाधड़ी की जांच के तहत पुलिस ने कंपनी के सीईओ हर्षल ठाकरे को गिरफ्तार कर लिया है।

यह मामला सबसे पहले 25 वर्षीय एक




इंटर्न द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने कंपनी की वित्तीय स्थिति और कारोबारी गतिविधियों की व्यापक जांच शुरू की।

अधिकारियों के अनुसार, इसके बाद 30 से अधिक अन्य कर्मचारी और इंटर्न भी पुलिस के पास पहुंचे और उन्होंने भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलने, स्टाइपेंड रोके जाने और कर्मचारियों से ली गई राशि वापस न करने जैसे आरोप शामिल हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने अप्रैल में बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक अपना संचालन बंद कर दिया। कई कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दफ्तर बंद है और कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

जांच एजेंसियों ने इस मामले में कंपनी के ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट प्रमुख और एक मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों की शिकायत है कि कंपनी ने कर्मचारियों और इंटर्न से लगभग 15,000 रुपए की सुरक्षा जमा राशि ली थी। कंपनी का दावा था कि यह राशि आधिकारिक लैपटॉप और अन्य उपकरणों के लिए आवश्यक है।

कर्मचारियों का कहना है कि शुरूआत में कंपनी समय पर वेतन और स्टाइपेंड देती थी, जिससे कर्मचारियों का भरोसा बना। लेकिन इस वर्ष जनवरी से भुगतान पूरी तरह बंद हो गया।

कई कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में कंपनी ने बकाया वेतन के बदले चेक जारी किए, लेकिन उनमें से कई चेक बाउंस हो गए। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति को लेकर और गंभीर सवाल खड़े हो गए।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच के हिस्से के रूप में कंपनी के अतिरिक्त वित्तीय रिकॉर्ड और लेनदेन से जुड़ी जानकारी की भी पड़ताल की जा रही है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# गुरुग्राम नगर निगम के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, मच गई अफरा-तफरी

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 04 जून ।

दिल्ली से सटे साइबर सिटी गुरुग्राम के सेक्टर-34 स्थित नगर निगम के मुख्य कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा यह संदेश एक ई-मेल के जरिए भेजा गया, जिसके बाद पूरे निगम प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जैसे ही नगर निगम के आला अधिकारियों को इस धमकी भरे मेल की भनक लगी, कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आनंद-फानन में पूरे बहुमंजिला भवन को खाली कराया गया। दफ्तर में मौजूद तमाम अधिकारियों, कर्मचारियों और अपने काम से पहुंचे आम नागरिकों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाला गया।



## मौके पर बम निरोधक दस्ता

मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुग्राम पुलिस की भारी नफरी, बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। पूरे निगम कार्यालय को सील कर चप्पे-चप्पे की सघन तलाशी ली जा रही है।

## मेल कहां से और किसने भेजा ?

पुलिस और खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच में जुट गई हैं कि यह मेल कहां से और किसने भेजा है। शुरूआती तौर पर इसे किसी की शरारत भी माना जा रहा है, लेकिन पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और आसपास के इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# मानव तस्करी करने वाले गिरोह की महिला सदस्य समेत 12 गिरफ्तार

» लोनी, यूटर्न/ 04 जून ।

ट्रोनिका सिटी पुलिस ने अंतराज्यीय मानव तस्करी गिरोह के 12 सदस्यों को बुधवार मंडोला इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इनमें इटावा के लवेदी स्थित जैटपुरा की राबिया, राजस्थान के हनुमानगढ़ी के नौहर की कृष्णा देवी, लोनी की फरमीना व पूजा, दिल्ली जहांगीरपुर की ज्योति और बदरपुर की कुमकुम के अलावा 6 पुरुष भी शामिल हैं। 26 मई को लोनी के ट्रोनिका सिटी निवासी हिना से 11 दिन की बच्ची चोरी होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी और गैंग तक पहुंचकर कामयाबी हासिल की है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 26 मई को पीड़िता हिना ने बच्ची चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस गिरोह के सदस्य दिल्ली के नांगलाई निवासी मनोज उर्फ मोनू और पूजा तक पहुंची। दोनों को गिरफ्तार कर जब उनसे पूछताछ हुई तो पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो गया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने सुनील कुमार, संजय, राजेंद्र सिंह, पवन कुमार, राबिया, विनीत कुमार, कृष्णा देवी, फरमीना, ज्योति और कुमकुम को पकड़ा। पूछताछ में महिला आरोपी राबिया ने पुलिस को बताया कि उसके जीजा शब्बीर की दूसरी पत्नी हिना गर्भवती थीं। उसने हिना को बहला फुसलाकर यकीन दिलाया कि वह पैदा होने के बाद अपने बच्चे को उन्हें दे दें। उसके बदले वह उन्हें अच्छी रकम दिलवा देगी। साथ ही बच्चे की अच्छी परवरिश होने का भी झांसा दिया। इसके बाद राबिया ने मनोज व पूजा से संपर्क किया। दोनों ने दो लाख रुपये में बच्चा खरीदने की बात पर सहमति जता दी। 23 मई को हिना ने बेटी को जन्म दिया तो उसने बच्ची देने से मना कर दिया।



□ एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 26 मई को पीड़िता हिना ने बच्ची चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस गिरोह के सदस्य दिल्ली के नांगलाई निवासी मनोज उर्फ मोनू और पूजा तक पहुंची।

# खोड़ा से 524 संदिग्ध परिवारों ने किया रातोंरात पलायन

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।

कमिश्नरेट पुलिस ने सूर्या चौहान के हत्यारोपियों की तलाश में खोड़ा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया तो आठ लाख की आबादी वाले क्षेत्र से लोग मकानों के ताले लगाकर भाग खड़े हुए। क्षेत्र के 75 हिस्ट्रीशीटर और 37 गैंगस्टर परिवार सहित किराये के मकान छोड़कर जिले से रातोंरात गायब हो गए।

खुफिया विभाग और पुलिस जांच में सामने आया है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 1200 अपराधियों के सत्यापन के दौरान 620 घर पर नहीं मिले। इनमें से 524 संदिग्ध परिवारों ने पलायन कर लिया। आपराधिक गतिविधियों से जुड़े 94 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर मकान बना लिए हैं। इन मकानों में केवल एक या दो महिलाएं ही सत्यापन के दौरान पुलिस को दिखाई पड़ीं। परिवार के अन्य सदस्यों ने रिश्तेदारी और अन्य जनपदों में पनाह ले रखी है।

डीसीपी सिटी और प्रभारी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल के मुताबिक टीम ने 524 ऐसे घरों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई है, जिनमें ताले लगे हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश किरायेदार थे। मकान मालिकों से बातचीत की तो पता चला कि मकान खाली कर परिवार रातोंरात कहीं चले गए हैं। बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 94 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर मकान बना लिए, ऐसे मकानों में महिलाएं और वृद्ध ही हैं। युवा मकान छोड़कर भाग गए हैं।

डीसीपी के मुताबिक खोड़ा क्षेत्र में 75 हिस्ट्रीशीटर और 37 गैंगस्टरों को चिह्नित किया गया है। इनमें से मात्र 42 अपराधियों का ही सत्यापन हो पाया है, अन्य के घरों पर नोटिस चस्पा किए गए, लेकिन सत्यापन के लिए कोई नहीं पहुंचा।



## एकत्र किया जा रहा संपत्ति का ब्यौरा

कार्यवाहक डीसीपी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल के मुताबिक खोड़ा में करीब आठ लाख की जनसंख्या में आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को चिह्नित कर लिया गया है। हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर, लूट और डकैती जैसी जघन्य वारदातों में शामिल अपराधियों के सत्यापन के साथ-साथ उनकी संपत्ति का ब्यौरा भी एकत्र किया जा रहा है। अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति आगामी दिनों में सीज की जाएगी।

## चार मदरसों पर आज चलेगा बुलडोजर

डीसीपी ने बताया कि खोड़ा और मसूरी सहित कई जगहों के अवैध मदरसों को ध्वस्त कर दिया गया है। बताया कि खोड़ा में पांच मदरसों को पुलिस और जिला प्रशासनिक टीम ने चिह्नित किया है। कमेटियों से मदरसों से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। संपूर्ण दस्तावेज मुहैया न कराने पर बृहस्पतिवार को इन मदरसों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# संक्षिप्त खबरें

## बस चालक की लापरवाही से सो रहे मजदूर के दोनों पैर कुचले

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।** सूरजकुंड क्षेत्र में सड़क किनारे सो रहे एक मजदूर को बस से कुचलने का मामला सामने आया है। हादसे में मजदूर के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं, जिसमें एक पैर की हड्डी टूट गई जबकि दूसरे पैर का पंजा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। श्याम नगर झुग्गी में रहने वाले 44 वर्षीय मजदूर जितेंद्र सिंह ने शिकायत दी कि 24 मई की रात करीब 11:30 बजे वह सूरजकुंड क्षेत्र में सड़क किनारे एक गार्डन के सामने खाली स्थान पर सो रहा था। आरोप है कि उसी दौरान सिटी फ्लो नामक निजी बस के चालक अजय ने बस को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उसके ऊपर चढ़ा दिया। हादसे में उसके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को पहले बीके अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे बयान देने के लिए फिट घोषित किया, जिसके बाद उसने पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया। पुलिस जांच में सामने आया कि दुर्घटना में घायल की बाईं टांग की हड्डी टूट गई, जबकि दाहिने पैर का पंजा बुरी तरह कुचल गया। इसके बाद सूरजकुंड थाना पुलिस ने दो जून को प्राथमिकी दर्ज कर ली।

## अवैध हथियार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।** अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की विभिन्न अपराध शाखाओं ने दो जून को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन देसी पिस्तौल बरामद की हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने किला कॉलोनी, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) निवासी सलमान उर्फ सल्लू को एनआईटी-4 स्थित एयर फोर्स ग्राउंड क्षेत्र से एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की संलिप्तता थाना मुजेसर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में भी सामने आई है। वहीं एवीटीएस सिकरौना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव धौज निवासी नासिर उर्फ भौपा को सेक्टर-58 स्थित करनेरा पुलिया के पास से एक देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा अपराध शाखा भूपानी ने गाजीपुर निवासी विनय, जो वर्तमान में गांव सिही में रह रहा था, को सेक्टर-3 कट के पास गुरुग्राम नहर पुल से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी एक देसी पिस्तौल बरामद हुई।

# कई इलाकों में घंटों बिजली कटौती से लोग परेशान

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।

शहर में भीषण गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पल्ला, पाली, जवाहर कॉलोनी, भारत कॉलोनी, गाजीपुर, सेक्टर-23, सेक्टर-3 और सेक्टर-10 समेत कई इलाकों में रात के समय घंटों तक बिजली गुल रहने से लोग परेशान हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, दिनभर की गर्मी के बाद रात में भी बिजली कटौती होने से स्थिति और खराब हो जाती है। कई इलाकों में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए रातभर घरों और छतों पर टहलने को मजबूर हैं। पर्वतीय कॉलोनी निवासी राकेश, कमला और आकाश का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर जल आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में बिजली कटौती के कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पल्ला निवासी कोमल और गाजीपुर निवासी रामबती का कहना है कि कई बार बिजली विभाग को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। लगातार हो रही कटौती से आम जनजीवन प्रभावित है, जबकि बिजली निगम की ओर से स्थिति में सुधार के ठोस कदम नहीं दिख रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में बार-बार होने वाली बिजली कटौती से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं। फिलहाल, प्रभावित क्षेत्रों में लोग बेहतर बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें गर्मी और पानी की समस्या से राहत मिल सके।



# ग्राम सभा की जमीन पर बना अवैध मदरसा जमींदोज, संचालक पर केस दर्ज

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 04 जून ।

सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन ने अपराधियों के सत्यापने के साथ ही अवैध निमार्णों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में बुधवार को डासना के कल्लूगढ़ी क्षेत्र में ग्राम सभा की करीब एक हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से बने मदरसे जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को ध्वस्त कर दिया गया। यह अवैध निर्माण करीब पांच वर्ष पहले किया गया था।

इस मामले में लेखपाल अनुपम मिश्रा की शिकायत पर मसूरी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिल्ली निवासी मदरसा संचालक फारुख बेग के खिलाफ बीएनएस की धारा 223, अवैध कब्जे से संबंधित धारा 329(3) व 329(4) और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 व 3 के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले मंगलवार को खोड़ा क्षेत्र में दो अवैध मदरसे सील किए गए थे। साथ ही एक पर नोटिस चस्पा किया गया था।




कल्लूगढ़ी में करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि पर चल रहे अवैध मदरसे को हटाने के दौरान पुलिस, पीएस और आरएएफ के करीब एक हजार जवान तैनात रहे। कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजकरन नैय्यर और जिलाधिकारी रविंद्र मांदड़ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। करीब पांच घंटे तक चली कार्रवाई में पूरे निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। कार्रवाई के बाद भी क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस मुस्तैद है।

## वर्ष २०२१ में हुआ था कब्जा

प्रशासन के अनुसार, ग्राम सभा की जमीन पर वर्ष 2021 में कब्जा कर मदरसे का निर्माण शुरू किया गया था। इसमें सात कमरे, दो शौचालय और खुला क्षेत्र विकसित किया गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने अप्रैल 2025 में बेदखली के आदेश जारी किए थे। साथ ही संचालक पर 1.23 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बावजूद न तो जुर्माना जमा किया गया और न ही कब्जा हटाया गया। अब जाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

**पुलिस, पीएसी के साथ आरएएफ रही तैनात:** डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि कार्रवाई से पहले सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। घटनास्थल पर 12 थाना प्रभारी, छह एसीपी, दो कंपनी पीएसी और एक कंपनी आरएएफ तैनात रही। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखी गई और पुलिस लगातार गश्त करती रही।

**निगरानी जारी, सोशल मीडिया पर भी नजर**

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर मौके पर करीब 25 जवान तैनात किए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है, जिससे किसी तरह की अफवाह या तनाव न फैल सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# बेरेटिनी की चोट से फ्रेंच ओपन में बड़ा उलटफेर, 104वीं रैंकिंग वाले अर्नाल्डी ने बनाई अंतिम चार में जगह

**पेरिस, यूटर्न/ 04 जून ।** इटली के खिलाड़ी मैटेओ अर्नाल्डी ने फ्रेंच ओपन 2026 के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। अर्नाल्डी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। हिप इंजरी के कारण मैटेओ बेरेटिनी को क्वार्टर फाइनल मुकाबला बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिसके चलते अर्नाल्डी को विजेता घोषित किया गया। मैच के समय अर्नाल्डी 7-5, 5-2 से आगे चल रहे थे। दूसरे सेट में बेरेटिनी की चोट गंभीर हो गई और उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा। इस तरह अर्नाल्डी अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। आधुनिक युग में विपक्षी खिलाड़ी के रिटायर होने के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने वाले अर्नाल्डी महज दूसरे खिलाड़ी बने हैं। मुकाबले की शुरूआत बेरेटिनी ने शानदार अंदाज में की थी। उन्होंने शुरूआती तीन गेम में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। ऐसा लग रहा था कि अनुभवी खिलाड़ी मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए हुए हैं। हालांकि, अर्नाल्डी ने धैर्य नहीं खोया और धीरे-धीरे मुकाबले में वापसी की। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी और कड़ी टक्कर देखने को मिली। 76 मिनट तक चले इस सेट में कई रोमांचक रैलियां हुईं। बेरेटिनी ने एक गेम में पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए, लेकिन सेट के अंतिम गेम में वह अपनी सर्विस नहीं बचा सके और अर्नाल्डी ने 7-5 से सेट अपने नाम कर लिया। पहला सेट हारने के बाद बेरेटिनी की परेशानी बढ़ने लगी। दूसरे सेट में 2-1 से पीछे होने पर उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया।



# क्रिकेट के बदलते स्वरूप के अनुसार ढलना होगा: सचिन

**मुम्बई, यूटर्न/ 04 जून ।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने युवा खिलाड़ियों से कहा है कि उन्हें आगे बढ़ना है तो खेल के बदलते स्वरुप के हिसाब से ढ़लना होगा। तेंदुलकर के अनुसार आज हर प्रारुप बदलता जा रहा है ऐसे में खिलाड़ियों को अपने अंदाज में भी बदलाव लाना होगा तभी वे टीम को जीत दिला सकेंगे। तेंदुलकर ने कहा कि आधुनिक खेल में नियम और प्रारुप तेजी से बदल रहा है और जो खिलाड़ी इससे अनुसार ढ़ल जाएगा। वही लंबे समय तक खेल सकता है। इसलिए जरूरी है कि उभरते खिलाड़ी इसके लिए तैयार रहें। अन्होंने कहा , एक बल्लेबाज के लिए सभी प्रारुपों में ढलने के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण चीज है वह है बैकलिफ्टहै। उन्होंने साथ ही कहा कि जो इसपर नियंत्रित करना सीख जाता है, वह सभी प्रारुपों में सफल हो सकता है। इसका कारण है कि टेस्ट क्रिकेट में कई चीजों की परीक्षा होती है। ऐसे में हालात के अनुकूल ढ़लना होता है। टी20 में आक्रामक खेल की जरुरत होती है। वहीं एकदिवसीय इन दोनों के बीच का प्रारुप है। सचिन ने कहा इन हालातों में मेरा मानना है जो खिलाड़ी का सम्मान करता है और उसी के अनुसार बल्लेबाजी करता है। वह उस खिलाड़ी से कहीं बेहतर है जो अधिक प्रतिभाशाली होने केक बाद भी हालात को मानने को तैयार नहीं होता और अपने अनुसार खेलता है।



## किरदार के लिए बैंक के किसी भी अधिकारी से नहीं मिला: मनोज बाजपेयी

अपनी आगामी फिल्म गवर्नर को लेकर बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी चर्चा में हैं। फिल्म गवर्नर भारत के आर्थिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर पर आधारित है। यह फिल्म पूर्व आरबीआई गवर्नर एस. वेंकिटरमण के जीवन तथा उनके योगदान को पर्दे पर प्रस्तुत करती है। मनोज बाजपेयी की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह 1990 के दशक की शुरूआत में देश गंभीर आर्थिक संकट और वित्तीय चुनौतियों से जूझ रहा था और उस दौर में लिए गए अहम फैसलों ने भारत को मुश्किल हालात से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने रोल के बारे में मनोज बाजपेयी ने बताया कि इस किरदार की तैयारी के लिए उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के किसी अधिकारी या गवर्नर से मुलाकात नहीं की। उनका कहना था कि आरबीआई देश की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है, जहां कामकाज बेहद गोपनीयता और कड़े नियमों के तहत संचालित होता है।



हर समस्या का समाधान अधिक वर्कआउट नहीं होता

# तापसी पन्नू

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने सुंदरता के तय मानकों को और अधिक कठोर बना दिया है। विशेषकर महिलाओं के बीच फ्लैट पेट और जीरो फिगर हासिल करने की चाहत तेजी से बढ़ी है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने इस विषय पर खुलकर अपनी राय रखी है और महिलाओं से अपने शरीर को स्वीकार करने की अपील की है।

तापसी पन्नू ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह भी पूरी तरह सपाट पेट पाने की इच्छा रखती थीं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही वह फिट रही हैं और नियमित रूप से व्यायाम करती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके पेट के निचले हिस्से में थोड़ा फैट बना रहता था। उस समय उन्हें समझ नहीं आता था कि लगातार मेहनत करने के बावजूद यह हिस्सा वैसा क्यों नहीं दिखता जैसा वह चाहती थीं। इसी वजह से उन्होंने जरूरत से अधिक व्यायाम करना शुरू कर दिया था। अभिनेत्री ने कहा कि बाद में उन्हें एहसास हुआ कि हर समस्या का समाधान अधिक वर्कआउट नहीं होता। कई बार शरीर को उसकी क्षमता से अधिक मेहनत करवाने पर वह इसे तनाव या खतरे की स्थिति मानने लगता है। ऐसी अवस्था में शरीर खुद को सुरक्षित रखने के लिए पानी जमा करना शुरू कर देता है। इसके कारण पेट के निचले हिस्से में सूजन या उभार दिखाई दे सकता है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर इसे केवल अतिरिक्त चर्बी समझ लेते हैं, जबकि कई बार इसकी वजह शरीर में पानी का रुकना भी होता है। जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने से यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। तापसी ने महिलाओं को यह भी समझाने की कोशिश की कि हर व्यक्ति का शरीर अलग होता है और सभी की शारीरिक संरचना एक जैसी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव लगातार होते रहते हैं, जिसका असर शरीर की बनावट और आकार पर भी पड़ता है। ऐसे में यह उम्मीद करना कि शरीर हर दिन बिल्कुल एक जैसा दिखेगा, वास्तविकता से दूर है। उन्होंने महिलाओं को सोशल मीडिया पर दिखने वाली तस्वीरों और दूसरों की शारीरिक बनावट से अपनी तुलना करने से बचने की सलाह दी। अभिनेत्री ने अपनी न्यूट्रिशनिस्ट मुनमुन गनेरीवाल की सलाह का हवाला देते हुए बताया कि महिलाओं के पेट के निचले हिस्से में थोड़ी मात्रा में फैट और पानी का होना स्वाभाविक और जरूरी माना जाता है। उन्होंने कहा कि शरीर का यह हिस्सा प्रजनन अंगों की सुरक्षा से जुड़ा होता है, इसलिए प्रकृति ने यहां अतिरिक्त सुरक्षा परत की व्यवस्था की है।



## माही विज ने सहर होने को है के सफर को दी भावुक अंदाज में विदाई

अपने चर्चित धारावाहिक सहर होने को है के सफर को अभिनेत्री माही विज ने भावुक अंदाज में विदाई दी है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने एक भावनात्मक पोस्ट लिखी। इस पोस्ट की एक खास बात यह भी रही कि उनके पूर्व पति जय भानुशाली ने भी उस पर प्रतिक्रिया देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। माही विज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने मेकअप रूम के बाहर खड़ी दिखाई दे रही हैं। तस्वीर में उनके चेहरे पर शो से विदा होने की भावुकता साफ झलक रही है। पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा कि वह इस किरदार, अपने कमरे और पूरे सफर को अलविदा कह रही हैं, लेकिन अपने साथ ढेर सारी खूबसूरत यादें लेकर जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस किरदार को निभाने का हर पल उनके लिए बेहद खास रहा और शूटिंग के दौरान बिताया गया प्रत्येक दिन उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया। अभिनेत्री ने अपने संदेश में उन सभी लोगों का आभार भी व्यक्त किया, जिन्होंने इस यात्रा को यादगार बनाने में योगदान दिया।

# ईरान के परमाणु हथियार प्रदर्शन की चेतावनी वाली खबरों को रुबियो ने बताया बेबुनियाद

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 04 जून ।




अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने उन खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अमेरिका को एक संदेश भेजकर चेतावनी दी थी कि अगर मौजूदा संघर्ष और बढ़ा, तो ईरान अपनी परमाणु क्षमता का प्रदर्शन कर सकता है। रुबियो ने साफ कहा कि ट्रंप प्रशासन तक ऐसा कोई संदेश नहीं पहुंचा था।

यह मामला बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की सुनवाई के दौरान सामने आया। प्रतिनिधि स्कॉट पेरी ने रुबियो से पूछा कि क्या पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से यह संदेश दिया था कि यदि तनाव और बढ़ता है, तो ईरान परमाणु हथियार होने का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। ऐसी खबरें सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। इस पर रुबियो ने दावे को नकार दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देखी है और मुझे ऐसे किसी संदेश की जानकारी भी नहीं है।' जब पेरी ने दोबारा सवाल किया और मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया, तब भी रुबियो ने इस बात से खुद को अलग रखा। उन्होंने कहा, 'अगर ऐसा कोई संदेश भेजा गया होता, तो मुझे हैरानी होती। अगर ऐसा हुआ होता, तो मुझे इसकी जानकारी जरूर होती।'

यह बातचीत उस समय हुई जब कांग्रेस में ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे थे। कई महीनों के सैन्य तनाव के बाद अमेरिका एक नए समझौते की कोशिश कर रहा है, जिसका उद्देश्य ईरान की परमाणु गतिविधियों पर सीमाएं तय करना है। पेरी ने यह भी पूछा कि अगर कूटनीतिक बातचीत विफल हो जाती है और ईरान परमाणु क्षमता का प्रदर्शन करने या परीक्षण करने की धमकी देता है, तो प्रशासन की प्रतिक्रिया क्या होगी।

# बॉर्डर पर रुकावटों के बीच गाजा के लिए राहत सामग्री जुटाई गई, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

» यूनाइटेड नेशंस, यूटर्न/ 04 जून ।



यूएन 'मैनिटेरियन्स ने बताया कि इजरायल के एक नए चेकपॉइंट पर हुई देरी के बावजूद मानवीय सहायता से जुड़े साझेदारों ने एक ही दिन में गाजा के लिए जरूरी सामान के 1,000 से ज्यादा पैलेट इकट्ठा किए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को केरम शालोम/करम अबू सलेम बॉर्डर क्रॉसिंग पर इकट्ठे किए गए इन पैलेट्स में स्वच्छता किट, तिरपाल, कंबल और दवाइयां शामिल थीं। ओसीएचए ने कहा कि दक्षिणी गाजा में हाल ही में बनाए गए नए चेकपॉइंट के जरिए मानवीय सामान लेने के लिए केरम शालोम जाने वाले काफिलों को अभी भी काफी देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कल नए चेकपॉइंट पर भीड़ के कारण छह फ्यूल टैंकर केरम शालोम तक नहीं पहुंच पाए, जिससे वहां से ईंधन लाने की मात्रा काफी कम हो गई। ओसीएचए ने कहा कि ईंधन की लगातार सप्लाई बहुत जरूरी है, ताकि अस्पताल, पानी साफ करने वाले प्लांट (डिसैलिनेशन प्लांट) और बाकी जरूरी सेवाएं चलती रहें, क्योंकि वहां बिजली की सामान्य व्यवस्था काम नहीं कर रही है। सन्हुिआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, केरम शालोम/करम अबू सलेम क्रॉसिंग को गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने का एकमात्र रास्ता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में ओसीएचए ने बताया कि मई के आखिरी दो हफ्तों में लगभग 100 मरीज और 130 से ज्यादा केयरगिवर गाजा से बाहर निकाले गए। इन्हें डब्ल्यूएचओ और अन्य साझेदारों की मदद से केरम शालोम और राफा क्रॉसिंग के जरिए निकाला गया। उन्होंने बताया कि अभी भी हजारों मरीजों को खास इलाज की जरूरत है। वेस्ट बैंक और ईस्ट जेरूसलम सहित दूसरे मेडिकल सेंटर्स तक मरीजों को भेजने के रास्ते अभी भी इजरायली अधिकारियों की ओर से बंद हैं। ओसीएचए ने कहा, 'गाजा में स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से बढ़ाने की जरूरत है, और इसके लिए जरूरी है कि ज्यादा मेडिकल उपकरण और दवाइयां वहां पहुंचाई जाएं।' पानी से जुड़े मानवीय साझेदारों ने बताया कि मई में गाजा में कुल पानी उत्पादन, दो महीने पहले की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत कम हो गया है। इसकी मुख्य वजह रसायनों और जरूरी पार्ट्स की कमी बताई गई है।

ओसीएचए ने एक बार फिर अपील की है कि पानी और दूसरी जरूरी सेवाओं को बनाए रखने के लिए स्पेयर पार्ट्स, पंप, पाइप, इंजन ऑयल और पानी साफ करने वाले केमिकल्स की लगातार सप्लाई गाजा तक पहुंचाई जाए, ताकि जरूरतमंद लोगों को मदद मिल सके।

# ट्रंप प्रशासन को बड़ा राजनीतिक झटका, अमेरिकी संसद में ईरान युद्ध खत्म करने का प्रस्ताव पास

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 04 जून ।



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने एक द्विदलीय 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशनङ्क पारित किया है, जिसका मकसद ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई को खत्म करना है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक राजनीतिक झटका माना जा रहा है, क्योंकि इस संघर्ष को लेकर आलोचना बढ़ती जा रही है।

यह प्रस्ताव बुधवार (स्थानीय समय) को पेश किया गया था। इसे हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के वरिष्ठ डेमोक्रेट सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने पेश कयिा था और इसे एडम स्मिथ और जिम हाइम्स जैसे वरिष्ठ डेमोक्रेट्स का समर्थन मिला। यह प्रस्ताव बहुत ही करीबी अंतर 215-208 से पास हुआ।

मीक्स ने इसे एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा, 'मेरे 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशनङ्क का पास होना राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान के खिलाफ अवैध और महंगे युद्ध पर एक अहम द्विदलीय विरोध है और इसे पूरी तरह खत्म करने की दिशा में पहला कदम है।'

इस वोट से साफ है कि कांग्रेस में इस युद्ध को लेकर विरोध बढ़ रहा है। आलोचकों का कहना है कि इस संघर्ष ने अपने बताए गए लक्ष्य हासिल नहीं किए हैं, लेकिन इसके कारण आर्थिक और मानवीय लागत बहुत ज्यादा बढ़ गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के वरिष्ठ डेमोक्रेट एडम स्मिथ ने कहा, 'आज का वोट साफ संदेश देता है कि ट्रंप को ईरान के खिलाफ अपनी चुनी हुई विनाशकारी जंग को तुरंत खत्म कर देना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि सरकार अपने लक्ष्य पूरे नहीं कर पाई है। जैसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना, वहां का उच्च संवर्धित यूरेनियम हटाना या शासन परिवर्तन लाना। उनके मुताबिक, 'इसके बजाय ईरान की स्थिति और मजबूत हुई है, वह क्षेत्र में और अस्थिरता फैला रहा है, और वहां और भी कठोर विचारों वाला नेतृत्व है। साथ ही अब हमें शायद ईरान को पैसे देने पड़ें ताकि वह होर्मुज स्ट्रेट फिर से खोल दे, जो पहले से खुला हुआ था, जब तक ट्रंप ने यह युद्ध शुरू नहीं किया।'

# यूरोप में बढ़ता स्वास्थ्य संकट: तीन साल में 80 हजार नए एचआईवी मामले और 9 हजार टीबी मौतों की आशंका

## हर साल लगभग 59 हजार लोगों की मौत, सुरक्षित यौन व्यवहार के प्रति लापरवाही इसके प्रमुख कारण

» ब्रुसेल्स, यूटर्न/ 04 जून ।

यूरोप में संक्रामक बीमारियों को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) ने चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान स्थिति जारी रही तो अगले तीन वर्षों में यूरोप में लगभग 80 हजार नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आ सकते हैं, जबकि तपेदिक (टीबी) के कारण 9 हजार से अधिक लोगों की मौत होने की आशंका है।




ईसीडीसी की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने कहा कि यूरोप एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि एचआईवी, टीबी और अन्य यौन संचारित संक्रमणों के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है। हाल ही में जारी ईसीडीसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 में यूरोप में पिछले एक दशक की तुलना में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे अधिक दर दर्ज की गई। सिफलिस और गोनोरिया जैसे संक्रमणों के मामलों में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता की कमी, समय पर जांच न होना और सुरक्षित यौन व्यवहार के प्रति लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों के साथ-साथ आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में संक्रामक रोगों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। अनुमान है कि इन देशों में हर साल लगभग 59 हजार लोगों की मौत एचआईवी, टीबी और अन्य यौन संचारित संक्रमणों से जुड़ी जटिलताओं के कारण होती है। स्वास्थ्य एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में यूरोपीय संघ, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में करीब 8 लाख लोग एचआईवी संक्रमण के साथ जीवन बिता रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर जांच, प्रभावी उपचार और जागरूकता अभियान इन आंकड़ों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ईसीडीसी ने सदस्य देशों से एचआईवी और टीबी नियंत्रण कार्यक्रमों को मजबूत करने, परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करने तथा जोखिम वाले समूहों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का आ'ान किया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यूरोप को एक बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ सकता है।

# डीआरसी में इबोला की स्थिति पर नियंत्रण की कोशिशें तेज, चुनौतियां अभी भी बरकरार : डब्ल्यूएचओ प्रमुख

» जिनेवा, यूटर्न/ 04 जून ।




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जिनेवा में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लगातार प्रयासों और बेहतर तालमेल की वजह से लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआरसी) में चल रहे इबोला प्रकोप से निपटने की कोशिशें अब स्थिति को संभालने लगी हैं।

हाल ही में डीआरसी के दौरे से लौटे डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयसस ने बुधवार को कहा कि वहां लोगों और संस्थाओं की प्रतिबद्धता देखकर उन्हें काफी हौसला मिला है। उन्होंने कहा कि जो मैंने वहां देखा, उससे मुझे उम्मीद मिली है, हालांकि अभी भी कई चुनौतियां बाकी हैं।

सन्हुिआ समाचार एजेंसी के अनुसार, टेड्रोस ने बताया कि डीआरसी में अब तक इबोला के 344 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें 60 लोगों की मौत हुई है।

ये मामले तीन प्रांतों के 24 स्वास्थ्य क्षेत्रों में सामने आए हैं। वहीं, संदिग्ध मामलों की संख्या पिछले हफ्ते 1,000 से ज्यादा थी, जो अब घटकर 116 रह गई है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ का जोखिम आकलन अभी भी पहले जैसा ही है। देश के भीतर खतरा बहुत ज्यादा है, क्षेत्रीय स्तर पर ज्यादा है और वैश्विक स्तर पर कम है।

## संक्षिप्त खबरें

### तुर्किये और सऊदी अरब ने होर्मुज जलडमरूमध्य के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा की

**इस्तांबुल, यूटर्न/ 04 जून ।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है। उन्होंने कहा, 'पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहाँ से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है... जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं।

### कुवैत ने ईरान के दो राजनयिकों को 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा

**कुवैत सिटी, यूटर्न/ 04 जून ।** कुवैत ने ईरान की ओर से किये गये ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में उसके दो राजनयिकों को 'पसोर्ना नॉन ग्रेटा' (अवांछित व्यक्ति) घोषित किया है। कुवैत के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि उसने कुवैत में ईरानी दूतावास के कार्यवाहक प्रभारी को तलब किया और एक औपचारिक विरोध पत्र सौंपा। मंत्रालय ने ईरानी राजनयिक मिशन का आकार घटाने के फैसले की भी घोषणा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों राजनयिकों को 24 घंटे के भीतर कुवैत छोड़ने का आदेश दिया गया है। कुवैत ने ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उसे अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का 'पूर्ण और स्वाभाविक अधिकारङ्क प्राप्त है। कुवैती अधिकारियों ने बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 63 अन्य घायल हो गये।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *